तापमान
अधिकतम 33 .8°c
न्यूनतम 24 .4°c

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

शहर में आज

- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे।
- मदवि के साइक्लोजी डिपार्टमेंट में मेंटल हेल्थ एवेयरनेस डे पर कार्यक्रम सुबह 10 बजे।
- रोडवेज डिपो में कर्मचारी यूनियन की बैठक का आयोजन दोपहर 12 बजे।
- राजीव गांधी खेल परिसर में खेल महाकुम्भ।

इस साल की पहली हाउस मीटिंग 22 को पार्षदों से मांगे 1-1 करोड़ रुपये के काम

14 तक कार्यालय में भेजने होंगे प्रस्ताव और एजेंडे, पार्षद 11 माह से कर रहे हैं बैठक का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

करीब 11 माह से नगर निगम की बैठक का इंतजार कर रहे पार्षदों के लिए आखिरकार राहत की खबर सामने आई है। शहर की सरकार की बैठक 22 अक्टूबर को विकास सदन में आयोजित की जाएगी। जिसमें शहर के विकास से जुड़े करोड़ों रुपये के कार्यों पर चर्चा होने के साथ-साथ लंबित प्रस्तावों को भी आगे बढ़ाया जाएगा। मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने बैठक की तैयारियां शुरू करते हुए सभी पार्षदों से अपने-अपने वार्ड से संबंधित विकास कार्यों और अन्य मुद्दों के एजेंडे मांगे हैं। इसके लिए पार्षदों को 14 अक्टूबर तक एजेंडे नगर निगम कार्यालय में भेजने होंगे। इस बैठक में न केवल करोड़ों के प्रोजेक्ट पास किए जाएंगे बल्कि लम्बित योजनाओं की भी समीक्षा होगी। नगर निगम की ओर से जारी पत्र में पार्षदों से कहा गया है कि वे अपने वार्ड से संबंधित ऐसे विकास कार्यों के प्रस्ताव भेजें, जिनकी राशि एक करोड़ रुपये तक है। इसके अलावा शहरहित से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों और प्रस्तावों को भी एजेंडे में शामिल करने के लिए भेजा जा सकता है। पार्षदों से मिले प्रस्तावों को संकलित कर आगामी बैठक में चर्चा के लिए रखा जाएगा।

सड़क, नाली, सीवर व सफाई बड़े मुद्दे

नगर निगम हाउस की बैठक लंबे समय से नहीं होने के कारण पार्षद लगातार विकास कार्यों से जुड़े प्रस्तावों को लेकर अधिकारियों और मेयर के समक्ष अपनी बात रखते रहे हैं। कई पार्षदों का कहना है कि वार्डों में कई तरह के विकास कार्यों की जरूरत है, लेकिन हाउस की बैठक नहीं होने के कारण कई प्रस्तावों पर आगे की कार्रवाई अटकी हुई है। अब बैठक की तारीख तय होने के बाद



पार्षदों को उम्मीद है कि लंबित विकास कार्यों को मंजूरी मिलने का रास्ता साफ होगा।

करोड़ों के विकास कार्यों पर होगी चर्चा

बैठक में अलग-अलग वार्डों से आने वाले विकास प्रस्तावों के अलावा शहर की समग्र विकास योजनाओं पर भी चर्चा होने की संभावना है। पार्षद अपने वार्ड की प्राथमिकताओं के अनुसार एजेंडे तैयार कर रहे हैं। इनमें सड़क निर्माण और मरम्मत, जल निकासी, सफाई व्यवस्था, पार्कों का विकास, स्ट्रीट लाइट और अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े प्रस्ताव शामिल हो सकते हैं। ऐसे में बैठक को शहर के विकास की दृष्टि से अहम माना जा रहा है।

पार्षदों को मिली तैयारी की समय सीमा

मेयर की ओर से जारी पत्र के बाद पार्षदों को अपने एजेंडे तैयार करने के लिए समय सीमा भी तय कर दी गई है। 14 अक्टूबर तक प्रस्ताव नगर निगम कार्यालय में जमा कराने होंगे। इसके बाद निगम प्रशासन सभी एजेंडों को एकत्र कर बैठक के लिए अंतिम रूप देगा। पार्षदों की ओर से भेजे जाने वाले प्रस्तावों के आधार पर बैठक में चर्चा और निर्णय की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

विकास कार्यों को मिलेगी गति



कई माह बाद नगर निगम हाउस की बैठक होने जा रही है। सभी पार्षदों से उनके वार्ड से संबंधित विकास कार्यों और शहरहित के अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों के एजेंडे मांगे गए हैं। बैठक में लंबित विकास कार्यों पर गंभीरता से चर्चा की जाएगी और जरूरी प्रस्तावों को आगे बढ़ाया जाएगा। उनका प्रयास है कि हाउस की बैठक के माध्यम से शहर के विकास कार्यों को गति मिले और पार्षदों की ओर से उठाए जाने वाले जनहित के मुद्दों पर उचित निर्णय लिया जा सके।

-रामअवतार वाल्मीकि, मेयर रोहतक

8 साल लिव इन में रहे, दो महीने पहले की शादी, अब मौत

5 महीने की गर्भवती पत्नी को गला घोंटकर मार डाला

9 साल की बेटी बनी वारदात की गवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

छह साल तक साथ रहने के बाद जिस रिश्ते को शादी का नाम दिया गया, वह महज दो महीने में ही खौफनाक अंत तक पहुंच गया। शहर के गढ़ी मौहल्ला में एक युवक पर अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या करने का आरोप लगा है। सबसे दर्दनाक पहलू यह है कि वारदात के समय महिला की नौ साल की बेटी घर में मौजूद थी। बच्ची के सामने ही उसकी मां की जान ले ली गई। हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया और बच्ची ने पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी। पुलिस के पहुंचने तक महिला दम तोड़ चुकी थी। मृतका की पहचान करीब 29 वर्षीय सुषमा उर्फ लाली के रूप में हुई है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि सुषमा करीब पांच माह की गर्भवती थी। ऐसे में उसके साथ गर्भ में पल रहे बच्चे की भी मौत हो गई। पुलिस आरोपी पति अनीश की तलाश में जुटी है। साथ ही एफएसएल की टीम इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

सुषमा के भाई अजीत ने कहा कि उसकी बहन का पहले पति से तलाक हो चुका था। पहली शादी से उसकी 9 साल की बेटी है, जो उसके साथ ही रहती थी। तलाक के बाद सुषमा छह साल से अनीश के साथ रह रही थी। दोनों के बीच लंबे समय से संबंध थे। दो महीने पहले उन्होंने कोर्ट मैरिज की थी। परिवार के मुताबिक, शादी के बाद भी सुषमा की जिंदगी में कोई बड़ा बदलाव नजर नहीं आया। उसने कभी परिवार के सामने अनीश द्वारा मारपीट या प्रताड़ित करने की बात नहीं कही थी। परिजनों का कहना है कि वे उनकी निजी जिंदगी में हस्तक्षेप भी नहीं करते थे।





मृतका सुषमा का फोटो व जांच करती एफएसएल टीम इंचार्ज डॉ.सरोज दहिया।

भाई अजीत ने बताया कि बुधवार रात करीब 11 बजे अनीश घर पहुंचा। सुषमा ने उसे खाना दिया और दोनों ने खाना खाने के बाद चाय पी। इसी दौरान किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। आरोप है कि गुस्से में अनीश ने सुषमा का गला दबा दिया। घर में मौजूद उसकी नौ वर्षीय बेटी के सामने ही यह वारदात हुई। कुछ देर बाद अनीश घर से निकलकर फरार हो गया। बच्ची ने आसपास के लोगों को घटना के बारे में बताया। पड़ोसियों ने महिला को संभालने का प्रयास किया और पुलिस को सूचना दी। घटना के बाद बच्ची के सामने सबसे भयावह स्थिति थी। घर में मां बेसुध पड़ी थी और आरोपी वहां से जा चुका था। बच्ची ने किसी तरह पड़ोसियों को जानकारी दी। पड़ोसी मौके पर पहुंचे तो सुषमा की हालत गंभीर थी। सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस की टीम भी वहां पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ शव को कब्जे में लिया और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। बच्ची से भी घटनाक्रम के संबंध में जानकारी ली गई है, क्योंकि वह वारदात के दौरान घर में मौजूद थी।

परिवार बोला- कभी नहीं बताया कि कोई परेशानी है

मृतका के भाई अजीत ने बताया कि उसकी बहन करीब पांच महीने की गर्भवती थी। उसने कहा कि जिस बच्चे के जन्म की परिवार तैयारी कर रहा था, वह भी मां के साथ ही दुनिया में आने से पहले खत्म हो गया। अजीत ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि अनीश ने पत्नी की जान लेने के साथ गर्भ में पल रहे बच्चे की जिंदगी भी छीन ली। उसका कहना है कि आरोपी को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। अजीत ने बताया कि उनका परिवार रोहतक के सांपला क्षेत्र का रहने वाला है, जबकि अनीश गांव बिसाण का निवासी है। सुषमा ने परिवार के सदस्यों से कभी यह नहीं कहा कि उसके साथ मारपीट हो रही है या उसे किसी तरह की प्रताड़ना दी जा रही है। परिजनों के अनुसार, दोनों के बीच छह साल तक संबंध रहे और इसके बाद उन्होंने विवाह किया था। परिवार को इस बात का अंदाजा नहीं था कि रिश्ते का अंत इस तरह की घटना में होगा। सिटी थाना के जांच अधिकारी एएसआई संजीत ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया गया, जिसके बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने घटनाक्रम को लेकर मृतका की बेटी से भी जानकारी ली है। फिलहाल आरोपी पति अनीश पुलिस की पकड़ से बाहर है। पुलिस उसकी तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

रोडवेज ने ब्रेजा में मारी टक्कर, कार व पिलर के बीच आकर सड़क से गुजरते बुजुर्ग की मौत

महम। वीरवार सुबह किशनगढ़ गांव के पास महम के आउटर बाइपास पर बेरी पुल के नीचे हुए सड़क हादसे में 70 वर्षीय बुजुर्ग मामन की मौत हो गई। पुलिस ने रोडवेज बस चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। किशनगढ़ निवासी पवन पुत्र मामन ने शिकायत में बताया कि उसने आउटर बाइपास पर बेरी पुल के नजदीक सर्विस स्टेशन बनाया हुआ है। वीरवार 8 अक्टूबर को सुबह करीब 11 बजे उसके पिता मामन सर्विस स्टेशन पर मौजूद थे। वह पुल के नीचे फल लेने गए थे और पवन भी पास में खड़ा था। इसी दौरान महम शहर की ओर से आई हरियाणा रोडवेज की बस के चालक ने तेज गति व लापरवाही से बस चलाते हुए हिसार की ओर से आ रही ब्रेजा कार में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर से मामन पिलर और ब्रेजा के बीच फंस गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें महम नागरिक



अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे में नारनौल निवासी राजेंद्र पुत्र मेहर सिंह और उनकी पत्नी दर्शना भी घायल हुए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। शिकायतकर्ता ने चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

किशनगढ़ के पास कार की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत, चालक पर केस

महम। दिल्ली-हिसार राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-9) पर किशनगढ़ गांव के पास महम शहर के आउटर बाइपास पर सड़क हादसे में स्कूटी सवार 48 वर्षीय जितेंद्र पुत्र रामचंद्र की मौत हो गई। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। किशनगढ़ निवासी बलराम पुत्र धर्मेंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एनएच-9 पर उसका भाईचारा होटल है। वह शाम करीब साढ़े तीन बजे होटल के बाहर खड़ा था। इसी दौरान उसका चाचा जितेंद्र इलेक्ट्रिक स्कूटी पर भिवानी रोड की ओर से होटल की तरफ आ रहा था। तभी पीछे से आई फ्रोंक्स कार के चालक ने तेज गति और गफलत से वाहन चलाते हुए स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में जितेंद्र सड़क पर गिर गया। कार चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। जितेंद्र को महम नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां गंभीर हालत में रोहतक पीजीआई रेफर किया गया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

पंजीकृत सामाजिक संस्थाएं भी अब आरटीआई के दायरे में, देना होगा आय-व्यय का हिसाब

रोहतक। जिला सोसायटी रजिस्ट्रार के पास पंजीकृत सामाजिक संस्थाओं को अब अपनी आय-व्यय और कामकाज से संबंधित ऐसी जानकारी सूचना के अधिकार के तहत उपलब्ध करानी होगी, जो आरटीआई कानून के दायरे में आती है। खास बात यह है कि इसके लिए संस्था को सीधे आरटीआई आवेदन नहीं दिया जाएगा। आवेदक को जिला सोसायटी रजिस्ट्रार के पास आवेदन करना होगा। रजिस्ट्रार कार्यालय संबंधित संस्था से सूचना लेकर आवेदक को उपलब्ध कराएगा। इस व्यवस्था के तहत किसी संस्था की आय के स्रोत, खर्च का विवरण, उपलब्ध अभिलेख, प्रशासनिक संचालन और संस्था की गतिविधियों से संबंधित जानकारी मांगी जा सकती है। हालांकि आरटीआई कानून में निर्धारित अपवाद वाली सूचनाएं इसके दायरे से बाहर रहेंगी।

संस्था प्रबंधन को नहीं, जिला सोसायटी रजिस्ट्रार को देना होगा आवेदन

आवेदन मिलने के बाद जिला सोसायटी रजिस्ट्रार का कार्यालय उसे संबंधित संस्था को भेजेगा। संस्था को मांगी गई सूचना निर्धारित प्रक्रिया के तहत रजिस्ट्रार कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी। इसके बाद कार्यालय आवेदक को सूचना देगा। यानी संस्था और सूचना मांगने वाले व्यक्ति के बीच रजिस्ट्रार कार्यालय माध्यम की भूमिका निभाएगा। जिले में जिला सोसायटी रजिस्ट्रार के माध्यम से पंजीकृत सामाजिक संस्थाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, सामाजिक सेवा, महिला एवं बाल कल्याण और सांस्कृतिक गतिविधियों समेत विभिन्न क्षेत्रों में काम करती हैं। इन संस्थाओं के वित्तीय और प्रशासनिक कामकाज से संबंधित अभिलेख अब आरटीआई के जरिए मांगे जा सकेंगे। हालांकि किसी संस्था के पंजीकृत होने मात्र से उसकी हर जानकारी सार्वजनिक नहीं हो जाएगी। आवेदक को आरटीआई में स्पष्ट रूप से वांछित सूचना या अभिलेख का उल्लेख करना होगा और कानून में निर्धारित गोपनीयता तथा अन्य अपवाद लागू रहेंगे। इस व्यवस्था से पंजीकृत संस्थाओं के आय-व्यय और कामकाज से संबंधित सूचना प्राप्त करने के लिए औपचारिक रास्ता उपलब्ध होगा।

एआई से अश्लील फोटो और वीडियो बनाया, ब्लैकमेल कर किशोरी से रेप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

एआई तकनीक के दुरुपयोग से नाबालिग की तस्वीरों को अश्लील रूप देकर सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी और कथित दुष्कर्म का मामला रोहतक में सामने आया है। जिले के एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी ने दो युवकों पर उसकी तस्वीरों से एआई के जरिए अश्लील फोटो-वीडियो तैयार करने, उन्हें सार्वजनिक करने की धमकी देने और अलग-अलग मौकों पर जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर थाना अर्बन एस्टेट पुलिस ने पोक्सो एक्ट समेत संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत के अनुसार दोनों आरोपी बिल्डिंग मैटेरियल सप्लाई का काम करते हैं और इसी सिलसिले में किशोरी के घर आते-जाते थे। आरोप है कि इसी दौरान उन्होंने उसकी तस्वीरें हासिल कर लीं। बाद में एआई तकनीक की मदद से उन्हीं तस्वीरों को अश्लील रूप दिया गया। इन फोटो-वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर किशोरी पर दबाव बनाया गया। किशोरी के अनुसार दिसंबर 2025 में एक आरोपी ने इंस्टाग्राम पर संदेश भेजकर उसे घर से बाहर बुलाया। विरोध करने पर अश्लील तस्वीरें वायरल करने की धमकी दी गई। आरोप है कि डर के कारण बाहर आने पर उसे कार में बैठाकर एक कार्यालय ले जाया गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया। कुछ देर बाद पहुंचे दूसरे युवक पर भी दुष्कर्म का आरोप है।

फोन कर रात में बुलाया

शिकायत के मुताबिक जनवरी 2026 में आरोपी ने फिर इंस्टाग्राम के जरिए संपर्क किया। धमकी देकर उसे बाहर बुलाया गया और कार से सुनसान स्थान पर ले जाया गया। वहां दुष्कर्म करने के बाद दूसरे आरोपी के पहुंचने और उसके द्वारा भी जबरन संबंध बनाने का आरोप लगाया गया है। मार्च 2026 में आरोपियों ने किशोरी की मां के मोबाइल पर फोन किया। रात करीब 10 बजे उसे घर से बाहर आने के लिए कहा गया। इनकार करने पर फिर अश्लील सामग्री वायरल करने की धमकी दी गई। आरोप है कि दबाव में बाहर आने के बाद उसे कार से कार्यालय ले जाकर दुष्कर्म किया गया।

परिजनों को बताई बात

किशोरी के अनुसार 5 अक्टूबर को वह अपने चाचा के पास रह रही थी। आरोप है कि एक युवक कार से वहां पहुंचा और उसे जबरन अपने साथ ले गया। कार्यालय से सटे कमरे में दुष्कर्म करने के बाद किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई। घर के पास छोड़ने के बाद किशोरी रास्ते में चक्कर खाकर गिर गई। परिजनों ने उसे देखा और पूछताछ की तो उसने पूरी घटना बताई। इसके बाद डायल 112 पर सूचना दी गई।

सीडब्ल्यूसी ने की काउंसलिंग

बाल कल्याण समिति ने किशोरी की काउंसलिंग की। सीडब्ल्यूसी चेयरमैन एडवोकेट सतीश कौशिक ने बताया कि मामले में नाबालिग की काउंसलिंग के साथ परिजनों से भी बातचीत की गई है। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू की है। थाना अर्बन एस्टेट पुलिस के अनुसार शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस घटनाओं से जुड़े तथ्यों और उपलब्ध साक्ष्यों की जांच कर रही है। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।



जिले के गांवों में हैं डेढ़ लाख से अधिक फैमिली आईडी

अब ग्राम सभा करेगी इनकम वेरिफिकेशन

परिवार पहचान पत्र में दर्ज आय के हिसाब से ही प्रदेश सरकार देती है योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) में परिवार की आय के सत्यापन को लेकर सरकार ने प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। आय सत्यापन टीम के सदस्यों की रिपोर्ट में अंतर होने पर मामला ग्राम सभा के सामने रखा जाएगा और ग्राम सभा की ओर से लिया गया निर्णय अंतिम माना जाएगा। मुख्यमंत्री ने मई में अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए थे। सरकार के निर्देशों के अनुसार, यदि आय सत्यापन के दौरान टीम के अलग-अलग सदस्यों की ओर से परिवार की आय के संबंध में अलग-अलग रिपोर्ट दी जाती है तो ऐसे मामलों को ग्राम सभा के समक्ष रखा जाएगा।

5 लाख तक कृषि आय से खत्म नहीं होगी योजना पात्रता



ग्राम सभा उपलब्ध जानकारी और परिवार की वास्तविक स्थिति के आधार पर निर्णय करेगी। इसके बाद उसी निर्णय को आय सत्यापन के लिए अंतिम माना जाएगा। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि परिवार की कृषि आय को लेकर भी पात्रता तय करने में एक समान नियम लागू नहीं किया जाना चाहिए। 1.80 लाख रुपये तक की सालाना आय से जुड़ी योजनाओं के पात्र परिवार को केवल कृषि आय 5 लाख रुपये तक होने के आधार पर योजना के लाभ से वंचित नहीं किया जाएगा। यानी कृषि से होने वाली आय को आधार बनाकर ऐसे परिवार की पात्रता खत्म नहीं की जाएगी, यदि वह संबंधित योजना की अन्य शर्तें पूरी करता है। सरकार का यह निर्देश पीपीपी में दर्ज आय और सरकारी योजनाओं के लाभ के बीच सीधे संबंध को देखते हुए महत्वपूर्ण है। आय सत्यापन में विवाद की स्थिति में ग्राम सभा को निर्णय का अधिकार मिलने से गांव स्तर पर परिवार की वास्तविक आर्थिक स्थिति की जांच का रास्ता साफ होगा।

खबर संक्षेप

आशीष हुड्डा समेत 40 युवा इनेलो में शामिल

रोहतक। कांग्रेस को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा की विधानसभा क्षेत्र से दो बार पार्षद का चुनाव लड़ चुके आशीष हुड्डा समेत करीब 40 युवाओं ने इनेलो का दामन थाम लिया है। गुरुग्राम स्थित इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में सभी युवाओं ने इनेलो की सदस्यता ग्रहण की। इनेलो प्रदेश सचिव मनजीत कन्हेली के नेतृत्व में पहुंचे युवाओं का अभय चौटाला ने पार्टी में स्वागत किया। आशीष हुड्डा का कांग्रेस छोड़कर इनेलो में शामिल होना रोहतक की राजनीति में महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि वे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के विधानसभा क्षेत्र से दो बार पार्षद का चुनाव लड़ चुके हैं।

तंवर सेवा सेतू अभियान के जिला नोडल अधिकारी

महम। महम चीनी मिल के प्रबंध निदेशक मुकुंद तंवर को सेवा सेतू अभियान का जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस अभियान के तहत उनको रोहतक, सांपला, महम, कलानौर और लाखन माजरा खंडों में कैंप लगाने की जिम्मेवारी सौंपी गई है। इसी कड़ी में 12 व 13 अक्टूबर को महम के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में और 14 अक्टूबर को मोखरा की पाना खांडयान चौपाल में व 15 अक्टूबर को फरमाणा गांव की ब्राह्मणान चौपाल में सेवा सेतू कैंप लगाए जाएंगे।

महम में चौबीसी सर्वखाप पंचायत की बैठक आज

महम। शुक्रवार 9 अक्टूबर को पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह महम में चौबीसी सर्वखाप पंचायत की एक महत्त्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। चौबीसी सर्वखाप के महासचिव मास्टर रामफल राठी ने बताया कि इस बैठक में खाप के विभिन्न तपों के प्रधान व कार्यकारिणी के पदाधिकारी भाग लेंगे। इस दौरान पदाधिकारी प्रेस कांफ्रेंस भी करेंगे। चर्चा है कि यह बैठक चौबीसी सर्वखाप पंचायत के प्रधान सुभाष गोयत को हटाने के लिए की जा रही है। इलाके के लोगों की निगाहें शुक्रवार को होने वाली बैठक की ओर टिकी हुई हैं।

खेत के रास्ते का विवाद पहुंचा एसपी कार्यालय

रोहतक। खेत तक आने-जाने के रास्ते को लेकर शुरू हुआ विवाद अब पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक पहुंच गया है। एक महिला ने एसपी को शिकायत देकर गांव के कुछ लोगों पर लगातार परेशान करने, गाली-गलौच करने और धमकी देने के आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि रास्ते को लेकर पहले भी विवाद हो चुका है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने के कारण स्थिति लगातार तनावपूर्ण बनी हुई है। शिकायतकर्ता महिला के अनुसार, वह अपने खेत से संबंधित काम के लिए आती-जाती है। इसी दौरान खेत के रास्ते को लेकर विवाद करने वाले लोगों के साथ उसकी कहासुनी हो जाती है। आरोप है कि विरोध करने पर उसके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है और गाली-गलौच करते हुए उसे मानसिक रूप से परेशान किया जाता है।

साइबर ठगी पर तुरंत 1930 पर शिकायत करें

रोहतक। जिला पुलिस की ओर से अक्टूबर माह को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित के निर्देश पर थीम के तहत विद्यार्थियों, व्यापारियों और आम नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान के छठे दिन "फेक कस्टमर केयर नंबर" विषय पर थाना साइबर क्राइम रोहतक के एएसआई अश्वनी और नशा मुक्ति टीम प्रभारी एएसआई मोहन ने अपनी टीमों के साथ शीला बाईपास स्थित लाइब्रेरी में विद्यार्थियों को जागरूक किया। ठगी होने पर शुरुआती समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। पीड़ित को बिना देरी किए साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करनी चाहिए। समय पर शिकायत मिलने से संबंधित बैंक, पेमेंट प्लेटफॉर्म और साइबर पुलिस ठगी की रकम को आगे ट्रांसफर होने से रोकने, खाते पर होल्ड या लियन लगाने तथा रकम के ट्रेल को सुरक्षित रखने की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं।

एसआईआर के खिलाफ विपक्ष लामबंद

आंबेडकर चौक पर कांग्रेस और माकपा के कार्यकर्ताओं ने फूंका सीईसी का पुतला

सुप्रीम कोर्ट ने फार्म 6 में मनमाने व अंसवैधानिक बदलाव के लिए अपनी ओर से नहीं दी है कोई सहमति : उदयभान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



एस आई आर के नाम पर असंवैधानिक और गैरकानूनी कार्यकलापों को अंजाम देने वाले मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ इंडिया ब्लॉक के घटक कांग्रेस और सीपीएम में विरोध प्रदर्शन कर का पुतला विरोध कार्रवाई की अध्यक्षता कांग्रेस के शहरी अध्यक्ष कुलदीप(के ड़ी), ग्रामीण अध्यक्ष बलवान रंगा व सीपीएम रोहतक के जिला कमेटी सदस्य एडवोकेट रामचंद्र सिवाच व सुमित दलाल में संयुक्त रूप से किया। विरोध प्रदर्शन से पहले अंबेडकर चौक स्थित कांग्रेस भवन में सैकड़ो कार्यकर्ताओं को दोनों पार्टियों के सैकड़ो कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान सिंह ने पूर्व न्यायाधीश को उर्दित करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस रोहिंटन फली नरीमन ने एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए मत देने का अधिकार गंभीर खतरे में है, ऐसे चुनाव आयोग को स्वीकार नहीं कर सकते जो ठीक से काम न करे। उन्होंने यह भी कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट ने स्वयं फार्म 6 में किए गए मनमाने व असैंविधानिक बदलाव पर चुनाव आयोग द्वारा बोले गए झूठ को उजागर करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इस तरह के बदलाव के लिए अपनी ओर से कोई सहमति नहीं दी है। इन तथ्यों से उजागर हो जाता है कि एस आई आर पूरी तरह लोकतंत्र को सत्तातंत्र में तब्दील करने की असंवैधानिक प्रक्रिया है। सभा को सम्बोधित करते हुए कलानौर विधायक शकुंतला खटक व महम के विधायक बलराम दांगी ने लोकतंत्र की हत्या करने वाले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त कर उसपे मुकदमा चलाने की मांग की।

एसआईआर देश के संविधान बहाली की लड़ाई

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सतबीर सिंह व राज्य कमेटी सदस्य कामरेड विनोद ने कहा कि एसआईआर के खिलाफ लड़ाई देश में जनतंत्र व संविधान बहाली की लड़ाई है और अब यह आंदोलन जन आंदोलन का रूप ले रहा है। अब यह स्पष्ट हो चुका है कि मोदी सरकार द्वारा संसद में इंडिया ब्लॉक के 141 सांसदों को निलंबित कर चुनाव आयोग के गठन और चुनाव आयुक्त को पूरी तरह दोष मुक्त रखने के कानून पारित करवा कर चुनाव आयोग का सत्ता प्राप्ति के लिए इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने बंगाल और बिहार में वोट से डालने से वंचित किए गए लाखों देश के नागरिकों के अधिकार के लिए चुनाव आयोग पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

प्रदर्शन के दौरान ये रहे उपस्थित

इस मौके पर पार्षद विजय गोयल, पार्षद परीक्षित देसवाल, कांग्रेस डेलिगेट मोनू शर्मा,ब्लॉक अध्यक्ष कपिल खन्ना, संगठन जिलाध्यक्ष महासचिव वीरेंद्र सचदेवा, जिला महासचिव चरणजीत शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष कुशलनंद वशिष्ट, उपाध्यक्ष सत्यवान चहल, कोषाध्यक्ष बलजीत राणा,महासचिव विजय कुमार, सचिव सुनील बड़क,जितेंद्र बाल्मीकि, संगठन जिला महासचिव राजबहादुर शर्मा, सीपीएम नेता प्रकाशचंद्र,सचिव अनिल नागपाल, अमित गुलाटी, अनिल सैनी, राजबीर बैरागी, राजबीर मकडोली, अंकुर शर्मा, संगीता सहरावत, गीता भारती, निर्मल बल्हारा,राकेश हुड्डा,ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार, ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश, ब्लॉक अध्यक्ष ठाठ सिंह लाखड़, सचिव संजय दलाल, ब्लॉक अध्यक्ष शमशेर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, देवेंन्द्र भारत, योगेंद्र बोस, विकास परमार, सुरेश राणा, कमलेश लाहली, किसान नेता बलवान सिंह, महिला नेत्री राजकुमारी दहिया, संदीप सिंह, संजीव सिह, किशोर ठेकेदार, रमाकांत ठेकेदार, कुलदीप मलिक पहलवान, पंकज कपूर, गुलशन खुराना, रमेशचंद्र पांचाल, रणबीर दहिया, अमन वशिष्ठ, एडिचंद निबड़या, डॉ जयपाल वर्मा, डॉ मामराज स्वामी, सूरजकोर अहलावत, नरेश राठी, बिजेंदर बलियाना, एडवोकेट अतर सिंह हुड्डा, रामसुंदर बैंसी, धर्मवीर हुड्डा, सतबीर बागड़ी, रिंकू हुड़या, प्रिंस मल्होत्रा, ओमी हुड्डा, अनिल दुरेजा, महेंद्र मारवाड़ी, स्नेहा गर्ग, सुशील जांगड़ा, मनीष दत्त, मौजूद रहे।



तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण में एआई व अनुभवात्मक शिक्षण पर रहा विशेष जोर

रोहतक। उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा के तत्वावधान में राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, रोहतक में मेधा फाउंडेशन के सहयोग से तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय की प्लेसमेंट सेल और राष्ट्रीय शिक्षा नीति परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में कुल 48 शिक्षक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में शिक्षकों के कौशल विकास और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम की रूपरेखा और विषय की प्रस्तावना मेधा फाउंडेशन के पंकज कोहली द्वारा रखी गई। पहला सत्र में शिक्षकों को अनुभवात्मक शिक्षण से जोड़ने के लिए एक विशेष पत्रक (डेटा शीट) दिया गया, जिसमें सभी ने अपने व्यक्तिगत अनुभवों को लिखकर एक-दूसरे के साथ साझा किया। दूसरा सत्र में इस सत्र में शिक्षकों को व्यक्तिगत अनुभवों को गहराई से समझकर उन्हें अपने-अपने विषयों के पाठ्यक्रम में शामिल करने की व्यावहारिक गतिविधियां कराई गईं। शिविर के सफल संचालन और विषयों की प्रस्तुति में डॉ. ज्योति, प्रो. अंजू, प्रो. फूल कुमार, प्लेसमेंट सेल की इंचार्ज डॉ. सविता और कॉमर्स सोसाइटी से डॉ. रेणु ने सक्रिय रूप से अपनी सहभागिता निभाई।

समान काम समान वेतन की मांग पर लामबंद हुए एमडीयू एचकेआरएन कर्मी

- न्यूनतम वेतन 30 हजार करने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के तहत विभिन्न पदों पर कार्यरत कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर लामबंद हुए हैं। बुधवार को विश्वविद्यालय के रोज गार्डन में सैकड़ों कर्मचारियों ने बैठक कर वेतन वृद्धि, समान काम-समान वेतन, स्वास्थ्य बीमा, भत्ते और अन्य सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। कर्मचारियों ने मांगों को लेकर आगामी रूपरेखा और एजेंडा तैयार किया। कर्मचारियों ने कहा कि महंगाई के मौजूदा दौर में उन्हें न्यूनतम 15 हजार रुपये वेतन मिल रहा है, जबकि हरियाणा में एक मजदूर को 850 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से करीब 25,500 रुपये मासिक मजदूरी मिलती है। ऐसे में उन्होंने सरकार से समान काम-समान वेतन लागू करने अथवा न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये करने की मांग की। कर्मचारियों ने न्यूनतम 20 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा देने की मांग भी रखी।बैठक में महिला कर्मचारियों ने भी भाग लिया। इस दौरान योगेंद्र, योगेश, जयवीर, विजय, अजय, विपिन, लोकेश, जगजीत, मंजीत, नीतिन, चांद, नवीन, सुमित, सचिन, अमित, अजीत, राजेश, सरोज, रानी, मीना, मोनिका और सुशीला सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

रोहतक में एचआईवी एड्स और तपेदिक जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक, बचाव व उपचार उपायों पर दी जानकारी

रोहतक। राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में हरियाणा लोक संपर्क विभाग (पंचकूला), सिविल हॉस्पिटल रोहतक, रेड क्रॉस सोसाइटी तथा रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी एड्स और तपेदिक (टीबी) विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह हुड्डा ने आगंतुक अतिथियों और कलाकारों का स्वागत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रद्युम्न एंड पार्टी द्वारा 'शिक्षा एवं संस्कार' शीर्षक से एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटिका प्रस्तुत की गई। कलाकारों ने बेहद रोचक और मनोरंजक अंदाज में एचआईवी और तपेदिक की रोकथाम, बचाव एवं उपचार के महत्वपूर्ण उपायों की जानकारी दी। इस जागरूकता कार्यक्रम का सफल संयोजन भूगोल विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. सतीश पंघाल द्वारा किया गया।



समाधान शिविर में समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें अधिकारी : आशीष

रोहतक। गुरुवार को जिला मुख्यालय के साथ सांपला और महम उपमंडल मुख्यालयों पर समाधान शिविर आयोजित किए गए। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध यथासंभव समाधान करें और संबंधित व्यक्ति को विभागीय कार्रवाई की जानकारी देकर संतुष्ट करें। समाधान शिविर हर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जाते हैं। जिला मुख्यालय पर उपमंडलाधीश आशीष कुमार, प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल और पुलिस उपाधीक्षक दलीप सिंह ने लोगों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों के उचित निपटारे के निर्देश दिए। लिखने-पढ़ने में असमर्थ लोगों की मदद के लिए जिला मुख्यालय पर कर्मचारी की ड्यूटी भी लगाई गई है। सांपला में उपमंडलाधीश अंकिता पुवार और महम में उपमंडलाधीश विपिन कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निपटारा करने के निर्देश दिए।



यूसीसीई के डिप्टी डायरेक्टर बने डॉ. सुरेंद्र सिंह, संभाला कार्यभार

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ ने यूआईईटी के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुरेंद्र सिंह को यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर कॉम्पिटिटिव एग्जामिनेशन (यूसीसीई) का उप निदेशक नियुक्त किया है। कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने बताया कि डॉ. सुरेंद्र सिंह ने डिप्टी डायरेक्टर का दायित्व अतिरिक्त कार्यभार के तौर पर दिया गया है। डॉ. सुरेंद्र सिंह ने डिप्टी डायरेक्टर का कार्यभार सँभालते हुए इस दायित्व के लिए कुलपति पूनिया और विवि प्रशासन का आभार जताया। इस अवसर पर डीन, सीडीसी प्रो. राजेश पूनिया, यूसीसीई निदेशक प्रो. विनय मलिक, फर्स्ट अपीलेट अथॉरिटी प्रो. जसवंत सैनी, पूर्व मडूटा अध्यक्ष डॉ. विकास सिवाच मौजूद रहे।



एक यूनिट रक्त जरूरतमंद व्यक्ति का बचा सकता है जीवन : उपायुक्त



रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में सेवा संकल्प अभियान के तहत एनसीसी और एनएसएस इकाइयों ने जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग व रेड क्रॉस के सहयोग से मेगा रक्तदान शिविर लगाया। शिविर में 177 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। शिविर में छात्राओं और महिला रक्तदाताओं ने भाग लिया। डीसी ने रक्तदाताओं और आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान मानवता की महान सेवा है। एक यूनिट रक्त जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में सहायक हो सकता है। कुलपति प्रो. (डॉ.) बीएम यादव सहित विश्वविद्यालय अधिकारियों ने रक्तदाताओं और स्वयंसेवकों की सराहना की।

मोखरा कॉलेज में विद्यार्थियों को दिया जल संरक्षण और स्वच्छता का संदेश

महम। साक्षी मलिक राजकीय महाविद्यालय, मोखरा में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत भूगोल विभाग द्वारा जल संरक्षण एवं जल स्रोतों की स्वच्छता विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में जल के संरक्षण, विवेकपूर्ण उपयोग तथा जल स्रोतों को स्वच्छ रखने के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। डॉ. विनोद कुमार, सहायक प्राध्यापक, भूगोल विभाग ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण की आवश्यकता, जल स्रोतों के प्रदूषण के कारणों तथा जल की स्वच्छता बनाए रखने के व्यावहारिक उपायों के बारे में जानकारी दी।



स्टार्टअप हरियाणा कार्यक्रम में नए विचारों को मिला मंच

नवाचार युवाओं के लिए पैदा कर रहे नए मौके : ढाका

उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए हुआ स्टार्टअप हरियाणा नए विचार, मजबूत हरियाणा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देने, नए स्टार्टअप्स को सहयोग प्रदान करने तथा नवाचार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रोहतक में 'स्टार्टअप हरियाणा नए विचार, मजबूत हरियाणा' कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नए विचारों को प्रोत्साहन देने के साथ-साथ स्टार्टअप्स को आवश्यक सहयोग और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने पर विशेष जोर रहा। कार्यक्रम में उद्यमिता को बढ़ावा, स्टार्टअप्स को सहयोग, मेंटरशिप का एक मंच और हरियाणा को मजबूत बनाने जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। ऐसे कार्यक्रमों से युवाओं और नए उद्यमियों को अपने विचारों को व्यवसाय के रूप में विकसित करने तथा विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

युवाओं को विशेषज्ञों से मिलेगा मार्गदर्शन

भाजपा नेता राजू सहगल ने भी कार्यक्रम में उद्यमिता को बढ़ावा, स्टार्टअप्स को सहयोग, मेंटरशिप का एक मंच और हरियाणा को मजबूत बनाने जैसे विषय पर अपने विचार रखे। इससे युवाओं और नए उद्यमियों को अपने विचारों को व्यवसाय के रूप में विकसित करने तथा विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। आयोजकों का उद्देश्य प्रदेश में स्टार्टअप संस्कृति को मजबूत करना और युवाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना है।

युवाओं के विचारों को सही मंच देने की आवश्यकता

आज के इस कार्यक्रम का आयोजन माइक्रोन प्रिसिजन प्राइवेट लिमिटेड में किया गया। आयोजकों का उद्देश्य प्रदेश में स्टार्टअप संस्कृति को मजबूत करना और युवाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाना है। जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर सिंह ढाका ने कहा कि स्टार्टअप और नवाचार आज के युवाओं के लिए नए अवसरों के द्वार खोल रहे हैं। हरियाणा में प्रतिभाशाली युवाओं की कमी नहीं है, आवश्यकता है उनके विचारों को सही मंच, मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराने की। 'स्टार्टअप हरियाणा' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को अपने नए विचारों को व्यवसाय और रोजगार के अवसरों में बदलने का अवसर मिलेगा।

न्यूज डायरी

सोलो डांस प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम

महम। गवर्नमेंट कॉलेज महम में दो दिवसीय टेलेंट हंट प्रतियोगिता आयोजित की गई। 8 अक्टूबर को इस प्रतियोगिता का समापन किया गया। महाविद्यालय परिसर में उत्साह, उमंग एवं सांस्कृतिक रंग देखने को मिला। प्राचार्य डॉ. सत्यव्रत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय केवल शैक्षणिक ज्ञान प्राप्त करने का केंद्र नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण मंच भी है। सोलो डांस प्रतियोगिता में मुस्कान, बी.ए. द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पूजा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।



स्वर्णप्राशन बच्चों में बढ़ाता है रोग प्रतिरोधक क्षमता

रोहतक। शिक्षा भारती विद्यालय में गुरुवार को मातृ गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान व हिंदू शिक्षा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता अखिल भारतीय स्वर्ण प्राशन संयोजिका हिना ठुम्मर (गुजरात) रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य वक्ता हिना ठुम्मर ने स्वर्णप्राशन पर विस्तृत जानकारी देते हुए इसे 3 से 12 वर्ष के बच्चों के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता, स्मरण शक्ति और शारीरिक-मानसिक विकास की दृष्टि से वरदान बताया। कार्यक्रम संयोजिका पूनम बूरा ने बताया कि प्रांत शिशु वाटिका संयोजक सोमदत्त ने बच्चों को प्रेरणादायक कहानियां सुनाईं। अंत में प्रधानाचार्य डॉ. मनजीत मलिक ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष प्रो. हीरा सिंह यादव, प्रबंधक सतीश गोयल झांसवा, कोषाध्यक्ष प्रेम मदान आदि उपस्थित रहे।



महम, मोखरा व फरमाणा में लगेंगे सेवा सेतु शिविर

रोहतक। सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा सेतु शिविरों के माध्यम से पात्र नागरिकों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ घर-द्वार के नजदीक उपलब्ध कराया जा रहा है। इस्माइला-9बी की चौपाल में आयोजित शिविर में पात्र नागरिकों का विभिन्न योजनाओं के लिए पंजीकरण किया गया। उपायुक्त सतबीर सिंह ने बताया कि 15 अक्तूबर तक विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित होंगे। 12 को महम नगरपालिका क्षेत्र के नागरिकों के लिए खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय, 13 को महम खंड के नागरिकों के लिए इसी कार्यालय, 14 को मोखरा की पाना खांडयान चौपाल और 15 को फरमाणा की ब्राह्मण धर्मशाला में शिविर लगाया जाएगा। शिविरों के लिए महम सहकारी चीनी मिल के प्रबंध निदेशक मुकुंद तंवर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञों ने दिया परामर्श

रोहतक। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला विकास भवन में बुधवार को आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर में लोगों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर का आयोजन जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा की ओर से किया गया। हृदय रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, गायनोकोलॉजी एवं ऑन्कोलॉजी तथा हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञों ने मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। शिविर में एडीसी नरेंद्र कुमार, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, सतीश नांदल, अजय बंसल, रणवीर ढाका, हरिओम माली, अमित बंसल, आशा, संगीता, सुमन, प्रवीण कोच आदि मौजूद रहे।



ताइक्वांडो में छाए द मॉडर्न स्कूल के खिलाड़ी



रोहतक। कड़ी मेहनत, अनुशासन और अटूट लगन के बल पर द मॉडर्न पब्लिक स्कूल, रोहतक के विद्यार्थियों ने ओपन डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। 6 अक्टूबर को काठ मंडी स्थित मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स एकेडमी में आयोजित इस प्रतियोगिता में स्कूल के 20 खिलाड़ियों ने भाग लिया और शत-प्रतिशत परिणाम देते हुए सभी 20 पदक अपने नाम किए। विद्यालय के धुरंधरों ने 6 स्वर्ण, 6 रजत और 8 कांस्य पदक जीतकर जिलेभर में स्कूल का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर जतिन सिक्का, माणिक सिक्का, प्रधानाचार्या राज यादव और समस्त शिक्षक वर्ग ने हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

अधिकारी शीघ्र करें समस्याओं का निपटारा

महम। उपमंडलाधीश विपिन कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध उचित निपटारा करें। समाधान शिविर में प्राप्त 3 शिकायतों में से 1 शिकायत का मौके पर निपटारा किया गया। विपिन कुमार अपने कार्यालय में नागरिकों की समस्याएं की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार हर सोमवार एवं वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक उपमंडल मुख्यालय पर भी समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर प्राप्त हो रही शिकायतों का निपटारा कर रहे हैं।



छात्रों को प्लास्टिक के खिलाफ किया जागरूक



रोहतक। श्री एल. एन. हिंदू महाविद्यालय के एनएसएस प्रकोष्ठ द्वारा 'सेवा मेरा योगदान–सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्त परिसर के उद्देश्य से ईको ब्रिक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा की अध्यक्षता में तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. रजनी कुमारी एवं डॉ. प्रवीण शर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि प्लास्टिक कचरा पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती है। ईको ब्रिक के माध्यम से प्लास्टिक कचरे का उचित उपयोग कर उसे उपयोगी रूप दिया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्लास्टिक का कम से कम उपयोग करने तथा स्वच्छ एवं पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। मनीषा, मुस्कान, निकिता, गगन, चैतन्य, संजू, जहान जुनेजा, शिवम, पायल, कीर्ति, सोनिया आदि एनएसएस स्वयंसेवकों ने प्लास्टिक कचरे के उचित संग्रहण एवं ईको ब्रिक्स तैयार करने के अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

एससी लोगों को स्वरोजगार के लिए 2 लाख का ऋण

रोहतक। अनुसूचित जाति के बेरोजगार लोगों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की विभिन्न ऋण योजनाओं के तहत 2 लाख रुपये तक ऋण दिया जाएगा। पात्र व्यक्ति 31 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने बताया कि आवेदक की परिवार पहचान पत्र के अनुसार वार्षिक पारिवारिक आय 3 लाख रुपये तक होनी चाहिए। आयु 18 से 45 वर्ष और हरियाणा का स्थायी निवासी होना जरूरी है। आवेदक किसी बैंक, सरकारी वित्तीय संस्था या निगम का पूर्व से ऋणी अथवा डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि बैंक टाइअप योजना में 1.50 लाख रुपये, सूक्ष्म वित्त योजना में 1 लाख रुपये और सावधि ऋण योजना में 2 लाख रुपये तक ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। अन्य योजना के तहत 1 से 2 लाख रुपये तक ऋण लिया जा सकता है। पात्र व्यक्ति निगम की वेबसाइट, नजदीकी निगम कार्यालय, सरल केंद्र या सीएससी के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।



सिर्फ 8 बच्चों से शुरू हुई कहानी... आज लैक्रोस बना युवाओं की पसंद

दो साल में बदली दी तस्वीर : रोहतक के मैदानों पर चमक रही लैक्रोस की नई पौध

रोहित डागर ▶▶| रोहतक

ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए कोच मनीष मुफ्त में करवा रहे अभ्यास

रोहतक में लैक्रोस खेल तेजी से पैर पसार रहा है। सितंबर 2024 में मात्र 8 बच्चों के साथ शुरू हुए इस खेल से आज 35 से अधिक युवा जुड़ चुके हैं। रोहतक जिला सचिव एवं स्टेट लेवल खिलाड़ी कोच मनीष के मार्गदर्शन में युवा इस उभरते खेल में अपनी मजबूत पहचान बना रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लैक्रोस ओलंपिक में शामिल है। मनीष ने बताया कि अभी वर्तमान में 6 गांवों के खिलाड़ी अभ्यास कर रहे हैं। कोच मनीष फ्री में खिलाड़ियों को अभ्यास करवा रहे हैं।


कोच मनीष



बसंतीपुर की खिलाड़ी ने लैक्रॉस खेल में बनाई पहचान, ओलंपिक का लक्ष्य

रोहतक के बसंतीपुर गांव की युवा खिलाड़ी मुस्कान ने बताया गांव के बच्चों को खेलता देख उन्होंने साल 2025 के अंत में लैक्रॉस खेलना शुरू किया था। इससे पहले वह थ्रोबॉल जैसे खेल से भी जुड़ी रही हैं और स्टेट लेवल की प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुकी हैं। साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाली इस उभरती खिलाड़ी ने लैक्रोस में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्टेट लेवल पर मेडल अपने नाम किए हैं, जिनमें सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। खिलाड़ी ने बताया कि उनका मुख्य लक्ष्य देश के लिए खेलना और आने वाले समय में ओलंपिक तक पहुंचकर देश का नाम रोशन करना है।



ब्राह्मणवास की मानसी ने सॉफ्टबॉल से लैक्रोस में रखा कदम

जिले के ब्राह्मणवास गांव की उभरती हुई खिलाड़ी मानसी ने खेल जगत में अपनी मेहनत और लगन से एक अलग पहचान बनाई है। एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखने वाली मानसी के पिता एक शॉपकीपर हैं, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद बेटी के सपनों को हमेशा बढ़ावा दिया है। मानसी ने अपनी खेल यात्रा की शुरुआत सॉफ्टबॉल से की थी और स्टेट लेवल पर शानदार प्रदर्शन करते हुए कई उपलब्धियां हासिल कीं। हालांकि, सॉफ्टबॉल ओलंपिक खेल का हिस्सा न होने के कारण उन्होंने अपनी दिशा बदली और साल 2025 में लेक्रोस खेल की ओर रुख किया।



कबड्डी छोड़ लैक्रोस में चमकी रोहतक की बेटी

रोहतक जिले के रहने वाली और साधारण किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाली प्रतिभाशाली खिलाड़ी अंजली ने खेलों में एक नया मुकाम हासिल किया है। कभी स्टेट लेवल पर कबड्डी में स्वर्ण पदक जीतने वाली इस खिलाड़ी ने अपने खेल करियर में एक बड़ा बदलाव करते हुए 'लैक्रोस' को अपनाया और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक बिखेरी है। हाल ही में हिसार में आयोजित लैक्रोस फेडरेशन कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ी ने अपनी टीम के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है। खिलाड़ी का कहना है कि कबड्डी में अपेक्षित करियर ग्रोथ और पर्याप्त खेल समर्थन न मिलने के कारण एक साल पहले लैक्रोस जैसे आधुनिक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से उभरने वाले खेल का रुख किया।



बसंतपुर के अश्विनी ने थ्रोबॉल से ' लैक्रोस' में बनाई नई पहचान

थ्रोबॉल खेल में नेशनल स्तर पर स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) जीतने के बाद बसंतपुर गांव के रहने वाले अश्विनी ने एक नए और उभरते खेल ' लैक्रोस' में अपनी किस्मत आजमाई और शानदार सफलता हासिल की है। अश्विनी ने साल 2025 की शुरुआत में थ्रोबॉल से छोड़ करके लेक्रोस खेलना शुरू किया था। शुरुआत में यह एक नया खेल था और इसमें खिलाड़ियों की संख्या कम थी, लेकिन धीरे-धीरे इस खेल में उनका रुझान बढ़ता गया और प्रतियोगिता के साथ उनका प्रदर्शन भी बेहतर होता गया। इससे पहले अश्विनी थ्रोबॉल के नेशनल स्तर तक खेल चुके हैं और वर्ष 2025-26 के सत्र में थ्रोबॉल नेशनल में गोल्ड मेडल अपने नाम किया था।



संस्कार ने तीन नेशनल में जीते स्वर्ण पदक

थ्रोबॉल में नेशनल स्तर पर गोल्ड मेडल जीत चुके ब्राह्मणवास के युवा खिलाड़ी संस्कार ने बताया किर ने साल 2025 की शुरुआत में नए खेल लैक्रोस में कदम रखा और अपनी शानदार खेल शैली से असाधारण सफलता हासिल की। संस्कार ने अब तक लैक्रोस में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन नेशनल प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक और स्टेट लेवल पर भी गोल्ड मेडल अपने नाम किए हैं। माता-पिता के पूरे सहयोग और कड़ी मेहनत के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है।



एमडीयू में वरिष्ठ कर्मियों को डिजिटल तकनीक में दक्ष बनाने का प्रशिक्षण

- प्रो. संदीप दलाल ने रिसोर्स पर्सन के रूप में डिजिटल प्लेटफॉर्म और जरूरी डिजिटल टूल्स के उपयोग की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में सेवा संकल्प अभियान के तहत 50 वर्ष से अधिक आयु के शिक्षकों एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों को डिजिटल तकनीक में दक्ष बनाने के लिए को डिजिटल लिटरेसी फॉर एल्डर सिटिजन्स विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एमडीयू के प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज ने डिजिटल लर्निंग सेंटर के सहयोग से एफडीसी में यह कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार प्रो. संदीप बंसल बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। उन्होंने ई-ऑफिस की दिशा में सरकार की पहल का उल्लेख करते हुए कहा कि बदलते समय के साथ तकनीकी कौशल बढ़ाना जरूरी है। सीखने की कोई उम्र नहीं होती, इसलिए कर्मचारियों को नई तकनीक अपनाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। डिजिटल लर्निंग सेंटर के निदेशक प्रो. संदीप दलाल ने रिसोर्स पर्सन के रूप में डिजिटल प्लेटफॉर्म और जरूरी डिजिटल टूल्स के उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डिजिटल साक्षरता अब केवल तकनीकी ज्ञान नहीं, बल्कि कार्यकुशलता और आत्मनिर्भरता की जरूरत बन चुकी है। एएससी कोऑर्डिनेटर अशोक सचदेवा ने स्वागत भाषण दिया।



भारतीय वायु सेना दिवस पर वीर गाथा व्याख्यान, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग की ओर से एनसीसी बॉयज एवं गर्ल्स विंग के संयुक्त सहयोग से भारतीय वायु सेना दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'सेवा संकल्प अभियान : सेवा मेरा योगदान' के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में 'वीर गाथा ऑफ द इंडियन एयर फोर्स' विषय पर विस्तार व्याख्यान हुआ। इसके साथ ही विश्वविद्यालय परिसर स्थित शहीदी स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। जिला सैनिक बोर्ड, रोहतक की सचिव विंग कमांडर (सेवानिवृत्त) गौरिका सुहाग ने मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय वायु सेना की गौरवशाली परंपरा और विभिन्न युद्धों एवं सैन्य अभियानों में वायु योद्धाओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना साहस, शौर्य, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पण की मिसाल है। उन्होंने विद्यार्थियों से सशस्त्र सेनाओं के वीर जवानों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान राज्य शहीदी स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को नमन किया गया।

एमडीयू के एफडीपी में संस्थागत नेतृत्व में फैकल्टी की भूमिका पर मंथन



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में चल रहे फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के चौथे दिन फ्रॉम टीचिंग एंड रिसर्च टू इंस्टीट्यूशनल लीडरशिप: फैकल्टी एज पार्टनर्स इन स्ट्रेटेजिक गवर्नेंस एंड कंट्रीब्युटर्स टू यूनिवर्सिटी ट्रांसफॉर्मेशन विषय पर विशेष सत्र आयोजित हुआ। सत्र में रैफल्स यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. आर. एस. सांगवान ने उच्च शिक्षा में फैकल्टी की बदलती भूमिका और संस्थागत विकास में उनकी भागीदारी पर विचार साझा किए। प्रो. सांगवान ने कहा कि फैकल्टी की भूमिका केवल शिक्षण और शोध तक सीमित नहीं है। उनके अकादमिक ज्ञान, व्यावसायिक अनुभव और संस्थागत सहभागिता से वे विश्वविद्यालयों में सकारात्मक बदलाव के महत्वपूर्ण वाहक बन सकते हैं। उन्होंने अंतर्विषयक सहयोग, नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों, उद्योग से जुड़ाव और उच्च शिक्षा की उभरती चुनौतियों के प्रति प्रभावी प्रतिक्रिया को संस्थागत परिवर्तन के लिए जरूरी बताया। ग्राफिक एरा (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), देहरादून के प्रो-चांसलर प्रो. (डॉ.) राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि किसी संस्थान को उत्कृष्ट बनाने के लिए निरंतर सुधार की प्रक्रिया को संस्थान की कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाना जरूरी है।



आईएचएम रोहतक के 14 विद्यार्थियों का टाको बेल में मैनेजर पद पर चयन

रोहतक। इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) के 14 विद्यार्थियों का फूड एवं हॉस्पिटैलिटी ब्रांड टाको बेल में मैनेजर पद पर चयन हुआ है। चयन के बाद संस्थान में विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्लेसमेंट टीम ने खुशी जताई। विद्यार्थियों का चयन कंपनी की प्रक्रिया के तहत उनकी योग्यता और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र से जुड़ी समझ के आधार पर हुआ। आईएचएम के प्राचार्य शंभू नाथ गौतम ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रतिष्ठित कंपनी में मैनेजर पद पर चयन संस्थान के लिए उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि संस्थान में विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण, उद्योग से जुड़ा अनुभव और पेशेवर कौशल विकसित करने पर ध्यान दिया जाता है, जिससे उन्हें हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में रोजगार के अवसर मिल सकें। संस्थान के व्याख्याता विकास देशवाल ने बताया कि चयन प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों ने प्रभावी संचार कौशल और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र से संबंधित व्यावहारिक समझ का प्रदर्शन किया।



मानसिक स्वास्थ्य की समस्या पर खुलकर करें बातः डॉ. सुजाता

रोहतक। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं को छिपाने या कमजोरी समझने के बजाय उनके बारे में खुलकर बात करना जरूरी है। डॉ. सुजाता सेठी ने कहा की समय पर समस्या की पहचान और उचित सहायता से मानसिक स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों को गंभीर होने से रोका जा सकता है। इसी उद्देश्य से मानसिक स्वास्थ्य माह के आठवें दिन मानसिक स्वास्थ्य संस्थान, रोहतक की ओर से भगत फूल सिंह महिला विवि , खानपुर में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश, समाज कार्य विभाग की अध्यक्ष डॉ. दीपाली माथुर, मुख्य छात्रावास अधीक्षिका प्रो. शालिनी, एनएसीओआरडी की नोडल अधिकारी प्रो. मंजू पंवार आदि मौजूद रहे।



थोड़ी देर मोबाइल से दूरी बनाकर स्वयं से जुड़ें

रोहतक। दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीयुपवा) में फिजिकल एवं मेंटल वेलनेस क्लब की ओर से डिजिटल डिटॉक्स विषय पर व्याख्यान कराया गया। 'नई चेतना से सशक्त भारत' के तहत आयोजित व्याख्यान में ब्रह्मकुमारी मोनिका ने कहा कि हमें थोड़ी देर मोबाइल, सोशल मीडिया व अन्य डिजिटल उपकरणों से दूरी बनाकर स्वयं से जुड़ने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने स्टाफ व छात्रों को तकनीक छोड़ने की बजाए उसका संतुलित व सकारात्मक उपयोग करने को प्रेरित किया। ब्रह्मकुमारीज मेडिटेशन सेंटर से बतौर वक्ता पहुंची ब्रह्मकुमारी मोनिका व डॉ अजीत राणा का सुपवा पहुंचने पर डीन कल्चरल एवं स्टूडेंट एक्टिविटीज विनय कुमार ने स्वागत किया। इस दौरान बीके मोनिका ने कहा कि मौजूदा युग डिजिटल क्रांति का युग है। मोबाइल फोन, इंटरनेट व सोशल मीडिया ने हमारे जीवन को सरल और तेज बना दिया है। शिक्षा, व्यवसाय, संचार व मनोरंजन के क्षेत्र में डिजिटल तकनीक ने नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं।

स्प्रिंग डेल्स और केआईआईटी सेमीफाइनल में पहुंची



रोहतक। दयावती मोदी अकादमी के टेनिस कोर्ट्स पर खेली जा रही सीबीएसई राष्ट्रीय लॉन टेनिस चैम्पियनशिप (2026-27) में गुरुवार को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। देशभर और अंतरराष्ट्रीय विद्यालयों के युवा खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। अंडर-19 बालिका वर्ग में चेन्नई के वेलामल विद्यालय ने लिटिल एंजेल्स स्कूल, सोनीपत को हराकर शानदार जीत दर्ज की। वहीं, बालक वर्ग के क्वार्टर फाइनल में स्प्रिंग डेल्स स्कूल, अमृतसर ने न्यू दिगंबर पब्लिक स्कूल, इंदौर को और केआईआईटी इंटरनेशनल स्कूल, ओडिशा ने सोनीपत की टीम को पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अकादमी की निदेशक रितु दीवान और एलपीएस बॉयर्ड की एचआर हेड नेहा मेहंदीरत्ता ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

न्यूज डायरी



बाबा मस्तनाथ स्कूल में हुई खेलकूद प्रतियोगिता

रोहतक। बाबा मस्तनाथ पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बैडमिंटन, बास्केटबॉल, खो-खो, टग ऑफ वॉर और विभिन्न दौड़ स्पर्धाओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। शानदार प्रदर्शन करने वाले विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर पी. एन. मुज्जु ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। प्राचार्या कमला गिल ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सफल आयोजन में ममता सिंह, मंजू भारद्वाज, उषा कादियान, प्रमोद, विनोद और भाग्यश्री सहित समस्त शिक्षकगणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

हैंडबॉल में एमकेजेके कॉलेज ने अगले दौर में प्रवेश किया



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय हैंडबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन 8 से 10 अक्टूबर तक किया जा रहा है। प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शानदार खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि सत्यदेव मलिक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में टीका राम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत और जीवीएम सोनीपत के बीच मुकाबले में टीका राम कॉलेज विजेता रहा। इसी प्रकार एमकेजेके रोहतक ने यूटीडी एमडीयू रोहतक को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के निदेशक खेल कुलताज सिंह, सहायक निदेशक खेल डॉ. तेजपाल तथा डॉ. विपिन कुमार सहित खेल विभाग के अधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

खेल महाकुंभ के लिए जिला स्तरीय चयन ट्रायल कल

रोहतक। खेल महाकुंभ 2026-27 के लिए जिले में आठ खेलों के जिला स्तरीय चयन ट्रायल 10 से 15 अक्तूबर तक होंगे। उपायुक्त सतबीर सिंह ने बताया कि सीनियर पुरुष एवं महिला वर्ग में 30 खेलों के आयोजन के लिए जिला टीम का चयन किया जाएगा। लॉन टेनिस के ट्रायल 10 को सुबह 9 बजे राजीव गांधी खेल परिसर, सेक्टर-6 में होंगे। नेटबाल व साइक्लिंग के ट्रायल 12 को इसी स्थान पर होंगे। कराटे के ट्रायल 13 को सुबह 10 बजे सर छोटूराम स्टेडियम और बेसबाल के सुबह 9 बजे राजीव गांधी खेल परिसर में होंगे। शूटिंग के ट्रायल 13 से 15 तक सुबह 9 बजे गन ऑफ विक्टरी शूटिंग रेंज, माजरा में होंगे। तलवारबाजी व थ्रोबाल के ट्रायल 14 को सुबह 9 बजे क्रमशः विश्वकर्मा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और राजीव गांधी खेल परिसर में होंगे। खिलाड़ियों को आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, रिहायशी प्रमाण पत्र और पासपोर्ट साइज फोटो साथ लानी होगी।



जूलॉजी में वन्यजीव सप्ताह पर स्लोगन और पोस्टर प्रतियोगिता करवाई

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के प्राणीशास्त्र विभाग में वन्यजीव सप्ताह के तहत 'सह-अस्तित्व के माध्यम से वन्यजीव संरक्षण' विषय पर स्लोगन लेखन एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। विभागाध्यक्ष प्रो. मीनाक्षी शर्मा ने कहा कि पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन में प्रत्येक जीव की महत्वपूर्ण भूमिका है। पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए मानव और वन्यजीवों के बीच सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व जरूरी है। इस दौरान विद्यार्थियों को वन्यजीवों के महत्व पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्लोगन और पोस्टरों के माध्यम से वन्यजीव संरक्षण का संदेश दिया। निर्णायक मंडल में सीएमबीटी की प्रो. रश्मि भारद्वाज और पर्यावरण विज्ञान विभाग की प्रो. बबीता खोसला शामिल रहीं। स्लोगन लेखन में रानी ने प्रथम, गौरव ने द्वितीय और कीर्ति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि स्नेहा को सांत्वना पुरस्कार मिला।



20वीं राष्ट्रीय फ्लोरबॉल चैंपियनशिप आज से

रोहतक। 20वीं राष्ट्रीय फ्लोरबॉल चैंपियनशिप 2026 का आगाज शुक्रवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में होगा। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में देशभर के खिलाड़ी हिस्सा लेकर फ्लोरबॉल में अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। उद्घाटन समारोह में हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम, एशियन गेम्स के पदक विजेता खिलाड़ी और देश के प्रख्यात कलाकार शामिल होंगे। हरियाणा फ्लोरबॉल एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र फौगाट, खेल निदेशक कुलताज सिंह और उपाध्यक्ष दीपेंद्र आर्य ने बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चैंपियनशिप के साथ नशे और डोपिंग के खिलाफ जागरूकता अभियान भी शुरू किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों को नशे और प्रतिबंधित पदार्थों से दूर रहने की शपथ दिलाई जाएगी। इसका उद्देश्य युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और खेलों से सकारात्मक दिशा में जुड़ने के लिए प्रेरित करना है। राजेंद्र फोगाट ने बताया कि समारोह में एशियन गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता एवं भारतीय कबड्डी टीम के कप्तान सुनील मलिक, आशिमा अहलावत सहित अन्य खेल प्रतिभाएं मौजूद रहेंगी। हरियाणवी संस्कृति और लोक कला की प्रस्तुतियां भी समारोह का आकर्षण रहेंगी। प्रसिद्ध कलाकार अमित सैनी रोहतकिया, प्रदीप बूरा, पूजा हुड्डा और वीर साहू प्रस्तुति देंगे। दीपेंद्र आर्य ने कहा कि चैंपियनशिप का उद्देश्य देश में फ्लोरबॉल को बढ़ावा देने के साथ युवाओं को खेलों से जोड़ना है।

पठानिया स्कूल में यूनिवर्सिटीज फेयर से खुले उच्च शिक्षा के विकल्प



रोहतक। पठानिया पब्लिक स्कूल में 8 अक्टूबर 2026 को 'यूनिवर्सिटीज फेयर-2026' का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष मेले का मुख्य उद्देश्य कक्षा 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के विभिन्न विकल्पों और करियर की संभावनाओं से अवगत कराना था। कार्यक्रम में पारुल यूनिवर्सिटी, एमिटी यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ के विभिन्न संस्थानों, चिटकारा यूनिवर्सिटी और एफडीआईआई सहित कई प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रोफेशनल कोर्सेज, प्रवेश प्रक्रियाओं और योग्यता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में अपने भविष्य को लेकर सही और आत्मविश्वासपूर्ण निर्णय लेने की क्षमता विकसित करते हैं। इस सफल आयोजन में प्रबंध निदेशक अंशुल पठानिया, सह-संस्थापक वर्षा पठानिया, प्राचार्या तन्वी पठानिया, उप-प्राचार्या प्रीति ढांडा और अकादमिक कोऑर्डिनेटर अलोक हुड्डा का मार्गदर्शन सराहनीय रहा।

406 निशानेबाजों ने दिखाया दम



रोहतक। स्थानीय अभिनंदन शूटिंग अकादमी में आयोजित चौथी अभिनंदन शूटिंग चैंपियनशिप में खिलाड़ियों का उत्साह चरम पर है। प्रतियोगिता में अब तक 406 निशानेबाज अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके हैं। गुरुवार को हुए मुकाबलों में दिल्ली और हरियाणा के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल दिखाया। प्रतियोगिता में आकर्षण का मुख्य केंद्र महज पांच साल की नन्ही निशानेबाज भाविका रहीं, जिनके शूटिंग के प्रति जज्बे ने सभी का ध्यान खींचा। वहीं आईएसएसएफ पिस्टल वर्ग में हिसार के दीपक ने 585 अंक और दिल्ली (द्वारका) की सिमरन मल्होत्रा ने आईएसएसएफ राइफल वर्ग में 628 अंक हासिल कर बढ़त बनाई हुई है। इसके अलावा, जूनियर वर्ग में रोहतक की वंशिका (एनआर राइफल) और उत्सव मलिक (379 अंक, एनआर पिस्टल पुरुष) सबसे आगे चल रहे हैं। अकादमी के संस्थापक एवं कोच संदीप नेहरा ने बताया कि 12 अक्टूबर तक चलने वाली इस चैंपियनशिप का उद्देश्य युवाओं को बेहतर मंच देना है।

कुश्तीः 10 भार वर्ग में पहलवानों का चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ 2026-27 के लिए जिला रोहतक की फ्री-स्टाइल कुश्ती टीम का वीरवार को चयन किया गया। छोटूराम स्टेडियम के कुश्ती हॉल में हुए मुकाबलों में कुल 10 भार वर्गों में पहलवानों का चयन किया गया है। जिला खेल अधिकारी अनूप ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। खेल इंचार्ज प्रदीप गुलिया ने बताया कि 57 किलोभार में में यन्नत प्रथम और सचिन द्वितीय, 61 किग्रा में साहिल प्रथम और राजेंद्र द्वितीय, 65 किग्रा में नीरज प्रथम और समीर द्वितीय स्थान पर रहे। 70 किलोभार में कपिल प्रथम और दीपांशु द्वितीय, 74 किग्रा में गौरव प्रथम और अनुज द्वितीय, 79 किग्रा में कुणाल प्रथम और युवराज द्वितीय स्थान पर चयनित हुए। 86 किलोभार में अंकित प्रथम व तक्षिल द्वितीय, 92 किग्रा में राहुल हुड्डा प्रथम और यमन द्वितीय रहे। 97 किग्रा में जतिन प्रथम और दीपांशु द्वितीय स्थान पर हैं। वहीं, सबसे भारी 125 किग्रा वर्ग में अमन कुमार ने प्रथम और सागर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी राज्य स्तर पर रोहतक जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

एमडीयू विधि विभाग में मूट कोर्ट प्रतियोगिता शुरू



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के विधि विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय इंट्रा-विभागीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता प्रूडेंशिया'26 का पहला दिन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने कानूनी तर्क, शोध कौशल और प्रभावी प्रस्तुतीकरण का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के पहले दिन प्रारंभिक राउंड-1, प्रारंभिक राउंड-2 और क्वार्टर फाइनल राउंड आयोजित किए गए। इन राउंड में कुल 34 टीमों ने भाग लिया और निर्णायकों के समक्ष अपने पक्ष को मजबूत कानूनी तर्कों के साथ प्रस्तुत किया। विभिन्न चरणों में प्रतिभागियों के शोध, तर्क-वितर्क और न्यायालयीन प्रस्तुतीकरण कौशल की परख की गई। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर विधि विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सोनू दहमीवाल ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। मंच संचालन गीतू, उशांक और देविका ने किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में कन्वीनर प्रो. योगेन्द्र सिंह तथा आयोजन समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रतियोगिता के दूसरे दिन 9 अक्टूबर को सेमीफाइनल और फाइनल राउंड आयोजित किए जाएंगे। सेमीफाइनल में पहुंची टीमें फाइनल में जगह बनाने के लिए मुकाबला करेंगी।

Govt. Regd.
WINTRON LIBRARY
...peaceful place to win your dreams
FACILITIES
- Peaceful with strict disciplined & Motivational environment
- Situated in Sec-14 in front of MDU Gate No. 2
- Best Lighting for study
- Separate Seats for Girls
- Employment Newspaper
- Well furnished & Fully A.C.
- Free Wi-Fi Zone
- 24x7 power backup
- Parking Facility
- CCTV Surveillance
- Reserve Seats Available
- Fix Seats Available
- Seats with Computer Facility available
Address: SCO-6, Sector-14, Rohtak
Contact: 8930246662

SHRI GORAKH CYBER CAFE
Online Services | CSC | Print | Scan | Photocopy
CSC & जनसेवा केन्द्र
CSC ID: 464546120011
आवश्यकता है
COMPUTER OPERATOR
(MALE/FEMALE)
पद: Computer Operator (M/F)
योग्यता: Basic Computer Knowledge
समय: Full Time स्थान: Rohtak
संपर्क: 9812515432
Shri Gorakh Cyber Cafe Janta Colony, Rohtak

खबर संक्षेप



विश्व दृष्टि दिवस पर 300 छात्राओं का स्वास्थ्य जांचा

रोहतक। सेवा संकल्प अभियान के तहत सांपला स्थित सर छोटूराम राजकीय महिला महाविद्यालय में विश्व दृष्टि दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में करीब 300 छात्राओं, स्टाफ और अन्य लोगों की नेत्र, दंत, हड्डियों समेत विभिन्न स्वास्थ्य जांच की गई। जरूरतमंदों को निशुल्क दवाइयां दी गईं और विशेषज्ञ चिकित्सकों ने परामर्श दिया। शिविर का आयोजन महाविद्यालय की वाईआरसी और एनएसएस इकाइयों ने स्वास्थ्य संस्थानों व सामाजिक संगठनों के सहयोग से किया।

23 साल से फरार चल रहा सजायाफ्ता कैदी गिरफ्तार

रोहतक। जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद फरार हुए सजायाफ्ता कैदी को अपराध शाखा महम ने 23 साल बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित था। वर्ष 1996 में थाना सदर में सड़क हादसे में मौत के मामले में शिव बहादुर को गिरफ्तार किया गया था। लंबे समय से फरार रहने के कारण उस पर इनाम घोषित किया गया था।



अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस ने जसिया निवासी मनीष को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्तौल बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि टीम सोनीपत रोड पर गश्त कर रही थी। इसी दौरान आईएमटी स्टेडियम गोल चक्कर के पास युवक के अवैध हथियार लेकर घूमने की सूचना मिली। पुलिस ने युवक को काबू किया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से देशी पिस्तौल बरामद हुई।



मोबाइल-कंप्यूटर की स्क्रीन से बढ़ रही परेशानी सफेद-काला मोतिया समेत आंखों में आ रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मोबाइल, लैपटॉप और कंप्यूटर की स्क्रीन पर लगातार समय बिताने से आंखों की समस्याएं बढ़ रही हैं। बच्चों में मायोपिया, युवाओं में डिजिटल आई स्ट्रेन और बुजुर्गों में मोतियाबिंद, ग्लूकोमा व डायबिटिक रेटिनोपैथी के मामले सामने आ रहे हैं। पीजीआईएमएस के नेत्र विभाग में रोजाना करीब 800 मरीज पहुंचते हैं। इनमें करीब 15 %में सफेद मोतिया, 20 % में काला मोतिया और 30 प्रतिशत में आंखों से पानी आने, सूखापन जैसी समस्याएं मिल रही हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. आरएस चौहान के अनुसार, समय पर जांच और उपचार से करीब 80 % मामलों में गंभीर नुकसान से बचाव संभव है।



हेल्थ अलर्ट



आंखों को दें आराम

हर 20 मिनट में 20 फीट दूर किसी वस्तु को 20 सेकंड तक देखें। स्क्रीन देखते समय पलकें झपकाते रहें। मोबाइल-कंप्यूटर को उचित दूरी पर रखें और स्क्रीन की चमक व कमरे की रोशनी में ज्यादा अंतर न रखें।

पलकें न झपकाने से बढ़ता है सूखापन

स्क्रीन पर लगातार नजर से सूखती आंखें:लगातार स्क्रीन देखने और कम पलकें झपकाने से आंखों में थकान, दर्द और सूखापन बढ़ सकता है। तेज धूप, पोषण की कमी, आंखों की सफाई न रखना और नियमित जांच न करवाना भी परेशानी बढ़ा सकता है।

ये लक्षण दिखें तो सावधान

आंखों में थकान, भारीपन, जलन, खुजली, सूखापन, पानी आना, धुंधला दिखाई देना, सिरदर्द, स्क्रीन देखने के बाद दर्द, रोशनी के प्रति संवेदनशीलता बढ़ना और पढ़ते समय फोकस करने में परेशानी जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

बच्चों-युवाओं में बढ़ रही दिक्कत

- ▶▶|मोबाइल-टैबलेट के अधिक इस्तेमाल से मायोपिया, ड्राइ आई और डिजिटल आई स्ट्रेन का खतरा बढ़ रहा है।
- ▶▶|**40 के बाद नियमित जांच:** मधुमेह होने पर नियमित आंखों की जांच जरूरी है, क्योंकि अनियंत्रित शुगर से रेटिना प्रभावित हो सकती है।
- ▶▶|**पौष्टिक आहार लें:** हरी सब्जियां, अलसी, मछली, गाजर, शकरकंद, खट्टे फल और मेवों को आहार में शामिल करें।
- ▶▶|**धूप व चोट से बचाव:** बाहर यूवी सुरक्षा वाला चश्मा पहनें और खेलकूद व मरम्मत जैसे कामों में चश्मा लगाए।
- ▶▶|**धूम्रपान से बचें:** धूम्रपान छोड़ने से मोतियाबिंद और मैक्युलर डिजनरेशन जैसी आंखों की बीमारियों का जोखिम कम करने में मदद मिलती है।

पीजीआई में रोजाना आ रहे करीब 800 मरीज

पीजीआईएमएस के कुलपति डॉ एचके अग्रवाल के नेतृत्व में नेत्र रोग विभाग बेहतर कार्य कर रहा है। विभाग में रोजाना करीब 800 मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। इनमें लगभग 15 प्रतिशत मरीजों में सफेद मोतिया, 20 प्रतिशत में काला मोतिया और करीब 30 प्रतिशत मरीजों में आंखों से पानी आने सहित अन्य प्रकार की समस्याएं देखी जा रही हैं। -डॉ **मंजूनाथ बीसी,** सीनियर प्रोफेसर, इंचार्ज, जनसंपर्क विभाग

20-20-20 नियम अपनाएं 40 के बाद नियमित नेत्र जांच जरूरी



विश्व दृष्टि दिवस पर आंखों की देखभाल के प्रति किया जागरूक

रोहतक। विश्व दृष्टि दिवस पर पीजीआईएमएस के अटल क्षेत्रीय नेत्र संस्थान में जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि डायबिटीज में डायबिटिक रेटिनोपैथी, बच्चों में भेंगापन और मोतियाबिंद से होने वाली अंधता को जागरूकता से रोका जा सकता है। उन्होंने हर व्यक्ति से साल में एक बार आंखों की जांच कराने की अपील की। एमबीबीएस, बीपीटी, बीएससी ऑप्टोमेट्री और पीजी छात्रों ने जागरूकता रैली निकाली। विशेषज्ञों ने ग्लूकोमा, मायोपिया, एंबलायोपिया और डायबिटिक रेटिनोपैथी से बचाव की जानकारी दी। न्यू ओपीडी लॉबी में छात्रों ने आंखों की देखभाल का संदेश देती रंगोली भी बनाई।

प्रवेश नगर में किराये के कमरे में रह रहा था, नहीं मिला सुसाइड नोट

चार दिन पहले गांव से लौटा युवक रात को कमरे में फंदे पर मिला शव

आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

परिवार से दूर रहकर रोजी-रोटी कमाने के लिए रोहतक आए 24 वर्षीय युवक की जिंदगी का अचानक दुखद अंत हो गया। प्रवेश नगर में एक किराए के कमरे में रहने वाले राकेश ने रात के समय फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह उसके साथ रहने वाले चाचा के लड़कों के जागने पर चला। उन्होंने कमरे में राकेश को फंदे पर लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। सुखपुरा चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए डेड हाउस भेज दिया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। साथ ही एफएसएल टीम इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया ने भी साक्ष्य जुटाए।



मृतक राकेश का फाइल फोटो।



रोहतक। जांच करते पुलिस अधिकारी व एफएसएल टीम डॉ. सरोज दहिया।

एमपी का रहने वाला

मृतक की पहचान राकेश निवासी डरोली पार्क, जिला दतिया, मध्य प्रदेश के रूप में हुई है। वह करीब छह महीने से प्रवेश नगर में किराए के कमरे में अपने चाचा के तीन लड़कों के साथ रह रहा था। राकेश गोलगप्पे की रेहड़ी लगाकर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी पत्नी और दो साल की बेटी गांव में रहती है। राकेश करीब दो महीने तक गांव में रहा था। चार दिन पहले ही वह वापस रोहतक आया था। रात को गोलगप्पे की रेहड़ी लेकर कमरे पर पहुंचा था, लेकिन कुछ घंटे बाद ही उसने यह कदम उठा लिया।

रात को छत पर सोने गए थे

राकेश और उसके साथ रहने वाले चाचा के तीनों लड़के रात करीब 10 बजे गोलगप्पे की रेहड़ी लेकर कमरे पर पहुंचे। इसके बाद सभी छत पर सोने के लिए चले गए। रात के दौरान राकेश उठकर नीचे कमरे में आया। इसी दौरान उसने फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। सुबह जब उसके साथ रहने वाले युवक उठे और नीचे कमरे में आए तो राकेश को फंदे पर लटका देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। इसके बाद चौकी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

कोई आरोप नहीं

पुलिस की शुरुआती जांच में राकेश के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। परिवार की ओर से भी फिलहाल किसी व्यक्ति पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है। न ही किसी तरह के विवाद या संदिग्ध परिस्थिति की जानकारी सामने आई है। ऐसे में युवक ने यह कदम क्यों उठाया, इसका जवाब अभी जांच के बाद ही सामने आएगा। राकेश रोजगार की तलाश में रोहतक आया था और गोलगप्पे की रेहड़ी लगाकर कमाई करता था। उसकी मौत की सूचना गांव में रहने वाले परिवार को दी गई, जिसके बाद घर में मातम छा गया।

बयान दर्ज किए

सुखपुरा चौकी के जांच अधिकारी राजेश ने बताया कि सुबह कंट्रोल रूम के माध्यम से प्रवेश नगर में युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए डेड हाउस भेजा गया है। परिजनों के बयान दर्ज किए गए हैं। मामले की जांच जारी है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

पर्सनल लोन का झांसा देकर 2.47 लाख ठगे, पांच आरोपी गिरफ्तार

- एचडीएफसी बैंक का कर्मचारी बनकर साइबर ठग ने किया था संपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

20 लाख रुपये का पर्सनल लोन दिलाने का सपना दिखाकर साइबर ठगों ने जेबीटी शिक्षक से अलग-अलग बहानों से 2 लाख 47 हजार 800 रुपये ऐंठ लिए। कभी फाइल चार्ज, कभी खराब सिबिल स्कोर के कारण पहली किस्त और कभी इंश्योरेंस के नाम पर रकम मांगी गई। पीड़ित हर बार लोन मिलने की उम्मीद में आरोपियों के बताए खातों में पैसे भेजता रहा, लेकिन लोन की रकम खाते में नहीं आई। आखिरकार ठगी का अहसास होने पर उसने साइबर थाना पुलिस को शिकायत दी। जांच के बाद पुलिस ने गिरोह से जुड़े पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनकी पहचान दिनेश पुत्र महेंद्र निवासी गांव श्रीनगर बाबागंज, उत्तर प्रदेश, अमित पुत्र रामजीत निवासी साउथ वेस्ट दिल्ली, रोशन पुत्र उमेश निवासी दिल्ली, अक्षित पुत्र राजूराम निवासी नई दिल्ली और सुमित पुत्र सिकंदर निवासी दिल्ली के रूप में हुई है।

जांच में सामने आया पांच लोगों का नेटवर्क

मामले की जांच सहायक उपनिरीक्षक अश्वनी द्वारा की गई। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों से जुड़े तथ्यों और लेनदेन की पड़ताल की। इसके बाद 6 अक्टूबर को पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दिनेश पुत्र महेंद्र निवासी गांव श्रीनगर बाबागंज, उत्तर प्रदेश, अमित पुत्र रामजीत निवासी साउथ वेस्ट दिल्ली, रोशन पुत्र उमेश निवासी दिल्ली, अक्षित पुत्र राजूराम निवासी नई दिल्ली और सुमित पुत्र सिकंदर निवासी दिल्ली के रूप में हुई है।

महिला 7.23 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार

- कबीर कॉलोनी में गली के अंदर नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में थी महिला

रोहतक। कबीर कॉलोनी, रैनकपुरा खोखराकोट में पुलिस ने एक महिला को 7.23 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार महिला गली में नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में खड़ी थी। मुखबिर की सूचना पर एएसआई दीपक के नेतृत्व में टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे काबू किया। पुलिस को देखकर महिला ने भागने का प्रयास किया, लेकिन महिला पुलिसकर्मियों की मदद से उसे पकड़ लिया गया। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके हाथ में पकड़ी सफेद मोमी थैली से हेरोइन बरामद हुई। इलेक्ट्रॉनिक कांटे से वजन करने पर नशीले पदार्थ का वजन 7.23 ग्राम मिला। पुलिस ने महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सार्वजनिक स्थानों पर अवैध प्रचार सामग्री लगाने वालों पर 40 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की खूबसूरती बिगाड़ने वाले अवैध होर्डिंग, फ्लैक्स और पोस्टर अब लगाने वालों को महंगे पड़ेंगे। नगर निगम ने ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। निगम की एनफोर्समेंट टीम मुख्य मार्गों, पुलों, चौक-चौराहों और बिजली के पोल सहित सार्वजनिक स्थानों पर लगे अवैध प्रचार सामग्री को हटाने के साथ ही उसे लगाने वालों की पहचान कर रही है। पहचान होने के बाद संबंधित व्यक्ति को नोटिस देकर जुर्माना लगाया जा रहा है। निगम के अनुसार, इस वित्तवर्ष में अभी तक 150 से अधिक उल्लंघनकर्ताओं पर 40 लाख रुपये से ज्यादा का जुर्माना लगाया जा चुका है। नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र दुहन ने बताया कि अवैध होर्डिंग, फ्लैक्स और पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। निगम की ओर से पहले भी लोगों से अपील की गई थी कि सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति प्रचार सामग्री न लगाएं। इसके बावजूद नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ अब सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर को गंदा करने वालों के चालान किए जाएंगे और निर्धारित समय में जुर्माना जमा नहीं कराने वालों के खिलाफ नगर निगम की ओर से एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। इसकी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी।



अर्चना कोचर की पुस्तक 'अर्चना की जनिकाएं' का लोकार्पण

रोहतक। हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी पंचकूला और आदर्श जन सेवा एजुकेशन सोसायटी डिंग के संयुक्त तत्वावधान में द्वितीय राष्ट्रीय जनिका सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में वरिष्ठ साहित्यकार अर्चना कोचर की पुस्तक 'अर्चना की जनिकाएं' का लोकार्पण किया गया। साहित्य में योगदान के लिए उन्हें 'जनिका श्री सेवी सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के विभिन्न जिलों से पहुंचे साहित्यकारों और रचनाकारों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में करीब 55 साहित्यकारों की पुस्तकों का लोकार्पण किया गया।

रास्ता रोककर युवक को लाठी-डंडों से पीटा, कार और मोबाइल भी तोड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव लौट रहे युवक को रास्ते में रोककर लाठी-डंडों से हमला करने और उसकी कार व मोबाइल तोड़ने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गांव के ही दो युवकों ने बाइक सड़क के बीच में खड़ी कर रास्ता रोका और हटने के लिए कहने पर युवक को गाड़ी से बाहर खींचकर पीट दिया। सिर पर चोट लगने से युवक मौके पर ही बेसुध होकर गिर गया। आरोपियों ने उसकी स्विफ्ट कार पर भी डंडे बरसाए और जेब में रखे दोनों मोबाइल फोन निकालकर तोड़ दिए। राहगीरों को आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल को पहले किलोई सीएचसी ले जाया गया, जहां से उसे पीजीआईएमएस के ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मुंगाण तालाब के पास खड़े थे आरोपी

शिकायत के अनुसार 3 अक्टूबर को गांव मुंगाण निवासी विनय कार से घर लौट रहा था। मुंगाण तालाब के पास मोहित और दीपांशु बाइक सड़क के बीच खड़ी कर रास्ता रोके हुए थे। हटने को कहने पर दोनों ने कहासुनी शुरू कर दी। विनय ने आरोप लगाया कि दोनों शराब के नशे में थे और उसका इंतजार कर रहे थे।

गाड़ी से बाहर खींचकर वारदात

विनय का आरोप है कि कहासुनी के बाद दोनों युवकों ने उसे कार से बाहर खींचकर लाठी-डंडों से पीटा। सिर में चोट लगने से वह बेसुध हो गया। आरोपियों ने कार को भी क्षतिग्रस्त किया और जेब से दोनों मोबाइल निकालकर तोड़ दिए। वहीं, राहगीरों को आता देखकर दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए और विनय को जान से मारने की धमकी दी। परिजनों ने डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस ने घायल को किलोई सीएचसी पहुंचाया, जहां से पीजीआईएमएस ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया।

एमडीयू एलुमनाई एसोसिएशन चुनाव 17 अक्टूबर को

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) एलुमनाई एसोसिएशन के 2026 से 2029 तक के तीन वर्षीय कार्यकाल के लिए चुनाव 17 अक्टूबर को होगा। इसी दिन मतदान के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किया जाएगा। रिटर्निंग ऑफिसर प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि उपाध्यक्ष को छोड़कर सचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए मतदान होगा। नामांकन 9 अक्टूबर तक सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक जमा किए जा सकेंगे। नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 12 अक्टूबर है और इसी दिन नामांकन पत्रों की जांच होगी। मतदान 17 अक्टूबर को सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक आईएचटीएम कॉन्फ्रेंस हॉल में होगा। इसके बाद मतगणना शुरू होगी। अंतिम मतदाता सूची में शामिल आजीवन सदस्य ही मतदान और चुनाव लड़ सकेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5X8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

भवन के स्वामित्व व उपयोग से जुड़े दस्तावेज खाप निगम को सौंपेगी

निगम ने भवन पर 1.13 करोड़ रुपये का संपत्ति कर बकाया दर्ज किया

नांदल भवन के संपत्ति कर की श्रेणी पर खाप ने जताई आपत्ति

- निगम रिकॉर्ड में भवन वाणिज्यिक श्रेणी में खाप बोली, नहीं होता व्यावसायिक उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बोहर स्थित नांदल भवन के उपयोग को लेकर नगर निगम और नांदल खाप के बीच संपत्ति कर की श्रेणी का मामला सामने आया है। नगर निगम ने भवन पर 1 करोड़ 13 लाख रुपये का संपत्ति कर बकाया दर्ज किया है और इसे वाणिज्यिक श्रेणी में रखा गया है। नांदल खाप का कहना है कि भवन का उपयोग किसी वाणिज्यिक गतिविधि के लिए नहीं हो रहा है। खाप अब भवन से संबंधित दस्तावेज नगर निगम को देकर संपत्ति की श्रेणी पर आपत्ति दर्ज कराएगी। नांदल खाप के प्रधान ओमप्रकाश नांदल ने बताया कि भवन वर्ष 2013 में समाज के लोगों के चंदे से बनाया गया था। यहां खाप की गतिविधियों के साथ सामाजिक और सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। भवन का इस्तेमाल दुकान, होटल, रेस्तरां या किसी अन्य व्यावसायिक गतिविधि के लिए नहीं किया जा रहा है। इसके बावजूद निगम के रिकॉर्ड में इसे वाणिज्यिक श्रेणी में दर्ज किया गया है। खाप की ओर से जल्द निगम अधिकारियों के समक्ष भवन के उपयोग और स्वामित्व से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत किए जाएंगे।



संस्थागत संपत्तियों के लिए अलग प्रावधान

ओमप्रकाश नांदल ने कहा कि जाट भवन के वाणिज्यिक श्रेणी में दर्ज संपत्ति कर को नगर निगम की ओर से माफ किया जा चुका है। इसी आधार पर नांदल भवन के मामले में भी निगम के समक्ष अपना पक्ष रखा जाएगा। खाप यह स्पष्ट करना चाहती है कि भवन का वास्तविक उपयोग क्या है और किस आधार पर इसे वाणिज्यिक श्रेणी में रखा गया। ध्यान रहे कि हरियाणा में संपत्ति कर की श्रेणी तय करते समय संपत्ति के वास्तविक उपयोग को भी देखा जाता है। संस्थागत संपत्तियों के लिए अलग प्रावधान हैं, जबकि क्लब, जिम, स्पा, मनोरंजन केंद्र, निजी कार्यालय, होटल, कैफे और रेस्तरां जैसी गतिविधियां वाणिज्यिक श्रेणी में आती हैं। ऐसे में नांदल भवन की दर्ज श्रेणी और वास्तविक उपयोग का मिलान महत्वपूर्ण होगा।

इस्तेमाल सामाजिक व सामुदायिक कार्यों में

खाप दस्तावेजों के माध्यम से निगम को यह बताने की तैयारी में है कि भवन का निर्माण सामाजिक उद्देश्य से हुआ और वर्तमान में भी इसका इस्तेमाल सामाजिक व सामुदायिक कार्यों के लिए ही किया जा रहा है। इसके बाद निगम के रिकॉर्ड में दर्ज श्रेणी में बदलाव और 1.13 करोड़ रुपये के बकाये की जांच का रास्ता खुल सकता है। बकाये की राशि किस अवधि से चली आ रही है और इसमें मूल संपत्ति कर के अलावा ब्याज व जुर्माने की कितनी राशि शामिल है, इसका विवरण भी खाप निगम से मांगेगी। संपत्ति आईडी, दर्ज श्रेणी और कर की गणना का रिकॉर्ड सामने आने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि भवन पर 1.13 करोड़ रुपये की देनदारी किस आधार पर बनी।

एमडीयू के 25 शोधकर्ता दुनिया के शीर्ष 2 फीसदी वैज्ञानिकों में

- स्टैनफोर्ड-एल्सेवियर की सूची में 16 शिक्षक और 9 शोधार्थियों को जगह
- वर्ष 2025 में उत्कृष्ट शोध योगदान के लिए हुआ चयन
- चार शिक्षकों को शोध करियर व वर्ष 2025 के योगदान के लिए मिली जगह एमडीयू के शोध प्रदर्शन में लगातार हो रहा सुधार, बढ़ी अंतरराष्ट्रीय पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के 16 शिक्षक और 9 शोधार्थी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने में सफल रहे हैं। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, अमेरिका की ओर से तैयार और एल्सेवियर बीवी द्वारा 7 अक्टूबर 2026 को जारी 'अपडेटेड साइंस-वाइड ऑथर डेटाबेस ऑफ स्टैंडर्डाइज्ड साइटेशन इंडिकेटर्स' में एमडीयू के 25 शोधकर्ताओं को वर्ष 2025 में उत्कृष्ट शोध योगदान के लिए दुनिया के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों में शामिल किया गया है।कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने इस उपलब्धि पर शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि 25 शोधकर्ताओं का विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों में शामिल होना विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। यह उपलब्धि शिक्षकों और विद्यार्थियों की शोध के प्रति प्रतिबद्धता और उत्कृष्ट अकादमिक योगदान का परिणाम है। विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शोध को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. रणदीप राणा और रजिस्ट्रार प्रो. संदीप बंसल ने भी चयनित शोधकर्ताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि एमडीयू में शोध और अकादमिक उत्कृष्टता के प्रति बढ़ती प्रतिबद्धता को दर्शाती है।चार शिक्षक ऐसे हैं, जिन्हें वर्ष 2025 के उत्कृष्ट शोध योगदान के साथ पूरे शोध करियर में उल्लेखनीय कार्य के लिए भी सूची में स्थान मिला है। इनमें प्रो. सीएस पुंडीर (सेवानिवृत्त), वरिष्ठ प्रो. डॉ. नरसिम्हन बी., प्रो. सर्वजीत सिंह गिल और प्रो. बलजीत सिंह यादव शामिल हैं।वर्ष 2025 के उत्कृष्ट शोध योगदान के लिए चयनित शिक्षकों में प्रो. चंद्रशेखर पुंडीर, प्रो. जय प्रकाश यादव, प्रो. विनोद बाला, प्रो. हरीश दुरेजा, प्रो. राजेश पूनिया, प्रो. कृष्ण कांत शर्मा, प्रो. देवेंद्र सिंह, प्रो. दीपक कौशिक, प्रो. सुरेंद्र सिंह यादव, प्रो. नवीन कुमार, प्रो. अनिल ओहलान, प्रो. दीपक छाबड़ा, प्रो. रामफूल ओहल्याण और डॉ. पूनम रेढू समेत अन्य शामिल हैं। विश्वविद्यालय के शोधार्थियों ने भी सूची में स्थान बनाकर अंतरराष्ट्रीय पहचान कायम की है। वर्ष 2024 में 13 शिक्षक और 6 विद्यार्थी, वर्ष 2025 में 15 शिक्षक और 7 विद्यार्थी तथा वर्ष 2026 में 15 शिक्षक और 10 विद्यार्थी सूची में शामिल हुए थे।